भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
रेल भर्ती बोर्ड/RAILWAY RECRUITMENT BOARD
वेबसाइट/Website: https://rrb.indianrailways.gov.in

सत्यमेव जयते

# सीईएन सं. 02/2026 (तकनीशियन)

## सीईएन सं. 02/2026(तकनीशियन) के अंतर्गत तकनीशियन पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की संभावित कार्यक्रम के संबंध में सूचना

1. उपरोक्त सीईएन के लिए संभावित परीक्षा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | सीईएन | पद | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सीईएन 02/2026 | तकनीशियन ग्रेड-I एवं तकनीशियन ग्रेड-III | **06 अक्टूबर 2026 से 09 अक्टूबर 2026** |

2.परीक्षा शहर तथा तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आर.आर.बी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से लगभग 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा।

3. ई-कॉल लेटर डाउनलोड परीक्षा-शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से लगभग 4 दिन पहले शुरू होगी।

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट साथ लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें, ताकि परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश सुनिश्चित हो सके।

5. सभी अभ्यर्थियों, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होंने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, से अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार UIDAI प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।

6. आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार), नवीनतम फोटो, बायोमेट्रिक (यदि 15 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद अपडेट नहीं किया गया है), पता और पिता का नाम दर्ज होना चाहिए।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

8. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित होती है और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक:10.09.2026

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**